आक्रोश ▶ चुंगी नाका में शव रखकर चक्काजाम, परिजन बोले कार्रवाई हो, सीसीटीव्ही दिखाए पुलिस

# थाने के सामने खुद को जिंदा जलाया, मौत

**मृतक ने सुनवाई नहीं होने से उठाया था आत्मघाती कदम**



**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाने के ठीक सामने 5 जुलाई को प्रभात नगर निवासी पूनाराम नोनिया (55) ने आत्महत्या के इरादे से खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली थी। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक ने यह आत्मघाती कदम थाने में सुनवाई नहीं होने से उठाया था। मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश भड़क गया। पीएम के बाद चुंगी नाका में आक्रोशिजनों ने शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाइश दे देते रहे लेकिन वे मानने तैयार नहीं थे उनका कहना रहा कि मामले में कार्रवाई, गिरफ्तार हो। साथ ही थाने के सीसीटीव्ही कैमरों को दिखाया जाये। पुलिस ने सीसीटीव्ही दिखाने और कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने। जानकारी के अनुसार पूनाराम नोनिया 55 वर्ष निवासी प्रभात नगर का 5 जुलाई को माढ़ोताल थाने के सामने स्वयं के ऊपर डीजल छिड़कर खुद को आग के हवाले कर दिया था।

बताया जाता है कि न्याय की मांग को लेकर शनिवार को परिजन धरन । प्रदर्शन करने वाले थे। इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर परिजन पूर्व विधायक विनय सक्सेना के घर भी पहुंचे थे। उन्होंने इंसाफ दिलाने का आश्वासन भी दिया था। विरोध प्रदर्शन निर्धारित था लेकिन इसके पहले ही पूनाराम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। पीएम के बाद परिजन शव को लोडिंग ऑटो में चुंगी नाका पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही माढ़ोताल पुलिस फोर्स भी बड़ी संख्या में पहुंच गया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

### हमें न्याय चाहिए, सुनवाई नहीं हो रही



मृतक के बेटे जयदीप नोनिया ने बताया कि उनके पिता से कुछ लोगों ने रिक्शा, पैसे छीन लिए थे वे थाने सुनवाई के लिए गए थे लेकिन कार्रवाई नहीं हुई जिसके चलते पिता ने स्वयं को आग के आग के हवाले कर दिया था। हम न्याय चाहिए है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। हम जानना चाहते है कि आखिर किसने पापा के पैसे छीने थे।

### मृत्यु पूर्व बताये तीन नाम फिर भी कार्रवाई नहीं



पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने बताया कि मृतक के साथलूट, मारपीट हुई वे थाने पहुंचे उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने आग लगा ली। मेडिकल में बयान के दौरान तीन लोगों के नाम बताये लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब उनकी कहीं सुनवाई नहीं तो परिवार उनके निवास पहुंचा था। न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया है। सीसीटीव्ही दिखाने, जिन तीन लोगों के नाम पर बताये गए है उनके खिलाफ कार्रवाई हो। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता है ये लड़ाई कांग्रेस लड़ेगी।

### जांच के बाद कार्रवाई होगी



टीआई वीरे न्द्र सिंह पवार ने बताया कि परिजनों ने चुंगी नाका में शव रखकर प्रदर्शन किया है मामला जांच में है । विस्तृत जांच के बाद मामला साफ हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। मृतक ने न ही कभी थाने में कभी कोई शिकायत, एफआईआर की थी और न ही कोई आवेदन दिया है और न ही वे कभी थाने आया। सीसीटीव्ही देख लिए गए है।

## दफ्तरों के गलियारे

### बदलो अध्यक्ष इस बार !




जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे चुनावी जंग अदालत की दलीलों से निकलकर बैनरों और सोशल मीडिया तक पहुंच गई है। जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर लगे एक पोस्टर— बहुत हुआ अब इंतजार, बदलो अध्यक्ष इस बार ने गत दिवस दिनभर अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा। बताया जा रहा है कि यह पोस्टर प्रतिद्वंद्वी खेमे द्वारा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से तैयार कर प्रचारित किया गया, ताकि वर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ माहौल बनाया जा सके। हालांकि पोस्टर को लेकर किसी भी पक्ष ने आधिकारिक जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन चुनावी गलियारों में इसे लेकर खूब कानाफूसी हो रही है। व्यंग्य यह है कि जिस अदालत में हर बात का फैसला सबूतों के आधार पर होता है, वहीं चुनावी मैदान में अब 'एआई के सबूत' और 'डिजिटल वार' की नई परंपरा शुरू होती दिख रही है। अधिवक्ताओं के बीच चर्चा है कि इस बार बहस कानून की धाराओं से कम और पोस्टरों, फोटो एडिटिंग तथा एआई की कलाकारी पर ज्यादा हो रही है। फिलहाल यह साफ है कि जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव अब केवल मतों का नहीं, बल्कि रचनात्मक प्रचार और डिजिटल रणनीतियों का भी मुकाबला बन चुका है।

### हम तो सुधर गए साहब, पर बाकी कसरतियों को कब सुधारोगे?



पुलिस महकमे के गलियारों में इन दिनों बड़े साहब के तीखे तेवर, निशाने पर आए मझले साहब चर्चाओं में है। हुआ यूं कि फाइलों के पन्ने पलटते ही साहब का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने भरी महफिल में लपेटते हुए कड़े लहजे में कहा, अपने काम करने का ढर्रा सुधार लीजिए। बड़े साहब यहीं नहीं रुके, उन्होंने सीधे कहा, किसी को पर्दे के पीछे से संरक्षण देना या खुद किसी के संरक्षण में रहकर थानेदारी चलाना बंद कीजिए। कौन, कहां, किसके साथ क्या जुगाड़ बिठा रहा है, इसकी पल-पल की कुंडली हमारे पास रहती है। इस भरी महफिल में हुई किरकिरी के बाद अब मझले साहब पुलिसिया गलियारों में घूम-घूमकर दर्द को मुस्कुराहट में छिपा कह रहे हैं, साहब की डांट के बाद हम तो पूरी तरह सुधर गए हैं और बिल्कुल सीधे रास्ते पर आ गए हैं... लेकिन साहब, जरा उन बाकी कसरतियों की तरफ भी तो नजरें इनायत कीजिए जो अभी भी महकमे की नाक के नीचे मलाई मार रहे हैं! आखिर उन्हें कब सुधारोगे साहब... ? मामला पूरे पुलिस महकमे में ठहाकों और कानाफूसी का नया विषय बन गया है।

धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

## बरगी डैम में धीमी रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर, सभी गेट बन्द

**नवभारत जबलपुर।** मानसूनी मौसम के बावजूद बरगी डैम में पानी की आवक फिलहाल अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से जारी जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 8 बजे की रिपोर्ट के अनुसार डैम का जलस्तर 410.85 मीटर दर्ज किया गया है।

वर्तमान में डैम की लाइव स्टोरेज क्षमता 777 मिलियन क्यूबिक मीटर, अर्थात कुल क्षमता का 24.43 प्रतिशत है।वहीं बरगी डैम की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 3180 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जबकि इसका पूर्ण जलाशय स्तर फुल रिजर्वायर लेवल 422.76 मीटर निर्धारित है।

वहीं वर्तमान जलस्तर न्यूनतम जल निकासी स्तर मिनिमम ड्रॉडाउन लेवल 403.55 मीटर से ऊपर बना हुआ है।

### 296 घनमीटर रही औसत आवक

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार बीते 24 घंटों में डैम में पानी की औसत आवक 296 घनमीटर प्रति सेकंड क्यूमेक दर्ज की गई। फिलहाल डैम के सभी गेट बंद हैं। जलग्रहण क्षेत्र में औसत 0.07 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि इस मानसून सत्र में अब तक कुल 315.72 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों में वर्षा की संभावना जताई है। यदि अच्छी बारिश होती है तो डैम में पानी की आवक बढ़ने की उम्मीद है।

### सिंचाई के लिए छोड़ा जा रहा पानी

वर्तमान में दाहिने तट स्थित विद्युत गृह से 199 घनमीटर प्रति सेकंड तथा बाईं तट मुख्य नहर के माध्यम से 12 घनमीटर प्रति सेकंड पानी सिंचाई के लिए छोड़ा जा रहा है। इस प्रकार नदी में कुल 199 घनमीटर प्रति सेकंड जल प्रवाहित हो रहा है। बाँध कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जुलाई 2025 को डैम का जलस्तर 416.40 मीटर था और लाइव स्टोरेज क्षमता 1620 मिलियन क्यूबिक मीटर दर्ज की गई थी। इसके मुकाबले इस वर्ष जलस्तर 5.55 मीटर तथा जल भंडारण 26.51 प्रतिशत कम है।

## करंट लगने से हुई थी युवक की मौत

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत शारदा नगर में 5 जुलाई को टपरे के ऊपर पन्नी लगाते समय बिजली लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक शारदा नगर, आरटीओ ऑफिस के सामने अनमोल उर्फ बेटू जैन पिता संतोष कुमार जैन 5 जुलाई को अनुराग शर्मा पिता राजेश शर्मा 22 वर्ष निवासी शंकर नगर से अपने टपरे के ऊपर पन्नी लगवाने का काम करा रहा था। घटना के समय मौसम बरसात का था और ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे। अनमोल जैन ने सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए और न ही मुख्य बिजली सप्लाई बंद करवाई। इसी दौरान काम कर रहे अनुराग शर्मा जोरदार करंट की चपेट में आ गया था।

## सत्ता पक्ष की गलतियां ही विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत बनेंगी : विवेक तन्खा

**2028 में जनता बदलाव का निर्णय लेगी**



**जबलपुर।** कांग्रेस को केवल धैर्य और सही दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है, सत्ता पक्ष की गलतियां ही विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत बनेंगी। वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में जनता बदलाव का निर्णय लेगी। यह बातें राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने शनिवार को अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं ।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि जबलपुर उनका अपना शहर है और इसके विकास तथा जनहित के कार्य उनकी पहली प्राथमिकता हैं। सभी सामाजिक और राजनीतिक वर्गों के सहयोग से शहर के विकास को नई गति देने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रहा है और वरिष्ठ नेताओं के बीच लगातार संवाद बना हुआ है।

### लोकतांत्रिक परंपराएं बनी रहनी चाहिए

प्रदेश में लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए तन्खा ने कहा कि प्रशासन को निष्पक्ष, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से काम करना चाहिए। मध्यप्रदेश की राजनीति में पहले संवाद, सम्मान और सहमति की परंपरा रही है, जिसे बनाए रखने की आवश्यकता है। चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन चुनाव के बीच के समय में शासन जनता की समस्याओं के समाधान और विकास पर केंद्रित होना चाहिए।उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई होना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन लोकतांत्रिक परंपराएं और संस्थाओं की गरिमा हमेशा बनी रहनी चाहिए।





Call Your Nearest Branch: Bhopal (Lalghati): 9977555297, 9977555074 Bhopal (MP Nagar): 8800013060, 9752539318 Chhindwara: 8800860153, 9289149594 Gwalior (City Centre): 8800013064, 9752539770 Gwalior (DD Nagar): 8800857552, 9289278420 Indore (Geeta Bhawan): 8800013061, 9752592088 Indore (Ranjeet Hanuman): 8800013062, 9752592087 Indore (Vijay Nagar): 8800952602, 9319682642 Jabalpur (Madan Mahal): 8800013063, 8448799058 Jabalpur (Tilhari): 6262222088, 6262222099, Khargone: 6262600907, 6262600906 Mhow: 7225060455, 7225060453 Ratlam: 8800898646, 9289356958 Rewa: 8800745625, 8448799027 Sagar: 8800860649, 7869501923 Ujjain: 8800013119, 8448985465

JABALPUR BRANCH 8800013063 | 8448799058

TRUST Aakash

Admissions Open
REPEATER/DROPPER BATCHES for NEET | JEE 2027


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57